सं. 05/05/2024-रा.भा.(सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय / राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-II भवन, बी विंग,
चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली -110001
दिनांक: 22 जुलाई, 2025

## कार्यालय आदेश

राजभाषा विभाग के दिनांक 15 जुलाई, 2025 के कार्यालय आदेश सं. 05/05/2024 – रा. भा. (सेवा) के तहत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के 33 सहायक निदेशकों/ वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के स्थानांतरण अन्य मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में किए गए थे। उक्त अधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में दिनांक 17 जुलाई, 2025 से स्वत: कार्यमुक्त (Stand Relieved) के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के क्रमांक 03 में श्री विष्णु कुमार, सहायक निदेशक को आसूचना ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली से डाक विभाग में स्थानांतरित किया गया था।

2. राजभाषा विभाग के दिनांक 15 जुलाई, 2025 के कार्यालय आदेश सं. 05/05/2024 – रा. भा. (सेवा) में आंशिक संशोधन करते हुए श्री विष्णु कुमार, सहायक निदेशक को आसूचना ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली में **दिनांक 31.12.2025** तक तैनाती जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. आसूचना ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली से अनुरोध है श्री विष्णु कुमार, सहायक निदेशक की तैनाती की स्वीकृत अवधि अर्थात् **दिनांक 31.12.2025 (अपराह्न)** से उन्हें कार्यमुक्त करते हुए सेवा अनुभाग, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली रिपोर्ट करने के आदेश दिए जाएं।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजेश
22/7/2025

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), आसूचना ब्यूरो मुख्यालय, 35 सरदार पटेल मार्ग, नई दिल्ली।
2. सहायक महानिदेशक (प्रशासन), डाक विभाग, कमरा नं. 108ए, डाक भवन, नई दिल्ली
3. श्री विष्णु कुमार, सहायक निदेशक, डाक विभाग, डाक भवन, नई दिल्ली
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, एनआईसी, कृपया कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाइल।

-----